उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

महिलाओं के लिये उप निरीक्षक नागरिक पुलिस की सीधी भर्ती–2015

संख्या:पीआरपीबी– दो–1(3)/ 2015 दिनांक:सितम्बर 18 ,2015

1– उत्तर प्रदेश पुलिस में **उप निरीक्षक नागरिक पुलिस (महिला) वेतनमान–पे बैण्ड–9300–34800 व ग्रेड पे–4200 के** 412 **रिक्त पदों** को भरने के लिए **महिला** अभ्यर्थियों से **ऑनलाइन** आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2– आरक्षण–

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग को कमशः 21, 02 एवं 27 प्रतिशत का लम्बवत आरक्षण तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों एवं भूतपूर्व सैनिकों के लिए कमशः 02 एवं 05 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण राज्य की आरक्षण नीति के अनुसार दिये जायेंगे। आरक्षण केवल उत्तर प्रदेश के मूल निवासियों को ही अनुमन्य है। 0

3– आयु–

अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01–07–2015 को 21 वर्ष से कम एवं 28 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में शिथिलता प्रदान की जायेगी।

4–शैक्षिक अर्हता–

भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से **स्नातक उपाधि** या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष अर्हता होनी चाहिए। केवल वही अभ्यर्थी अर्ह होंगे, जो इस स्नातक उपाधि या उसके समकक्ष अर्हता में 50 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त किये हों। आवेदन स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि तक अभ्यर्थी को अपेक्षित शैक्षिक अर्हता अवश्य धारित करनी चाहिए।

5–भर्ती की प्रकिया–

यह चयन *'उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक और निरीक्षक (नागरिक पुलिस) सेवा नियमावली–2015'* के अधीन किया जायेगा। भर्ती प्रकिया में अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा तथा लिखित परीक्षा के चरण निर्धारित है।

अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा–

अभ्यर्थी के मूल अभिलेखों का मिलान उसके आवेदन पत्र में उपलब्ध करायी गयी सूचना से किया जायेगा। शारीरिक मानक परीक्षण के अन्तर्गत सामान्य/अन्य पिछड़े वर्गो तथा अनुसूचित जाति की महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम ऊँचाई 152 सेन्टीमीटर, अनुसूचित जनजाति की महिला अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम ऊँचाई 147 सेन्टीमीटर तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए वजन न्यूनतम 40 किलोग्राम निर्धारित है।

शारीरिक दक्षता परीक्षा–

अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिये बुलाये जायेंगे। शारीरिक दक्षता परीक्षा केवल अर्हकारी प्रकृति की होगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल होने के लिये महिला अभ्यर्थियों को 2.4 कि0मी0 की दौड़ 16 मिनट में पूरा करना आवश्यक होगा।

लिखित परीक्षा–

वस्तुनिष्ठ प्रकार की लिखित परीक्षा निम्नलिखित विषयों में 400 अंकों की होगी:–

क्र0सं0	विषय	अधिकतम अंक
1	सामान्य हिन्दी	100 अंक
2	मूलविधि /संविधान/सामान्य ज्ञान	100 अंक
3	संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षा	100 अंक
4	मानसिक अभिरूचि परीक्षा/बुद्धिलब्धि परीक्षा/ता परीक्षा	100 अंक

अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार एक पाली अथवा एक से अधिक पाली में लिखित परीक्षा करायी जायेगी। परीक्षा आफलाइन एवं आनलाइन अथवा केवल आफलाइन बोर्ड के निर्णयानुसार करायी जायेगी। प्रत्येक विषय में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में विफल रहने वाले अभ्यर्थी भर्ती के लिए पात्र नहीं होंगे। लिखित परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों में से राज्य की आरक्षण नीति के अनुसार चयन सूची तैयार कर संस्तुति सहित विभागाध्यक्ष को प्रेषित की जायेगी।

6–आवेदन शुल्क –

आवेदन शुल्क रू0–400/– (रूपये चार सौ मात्र) निर्धारित है।

7–आवेदन की प्रकिया–

आवेदन करने हेतु **'ऑनलाइन आवेदन पद्धति'** लागू है। ऑनलाइन आवेदन करने का कार्य तीन चरणों में निम्नवत् किया जायेगा:–

प्रथम चरण–पंजीकरण–

अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित 'Candidate's Registration' को क्लिक कर फार्म में सूचनायें भरकर पंजीकरण करेंगे तथा Registration Slip और निर्धारित शुल्क के भुगतान हेतु बैंक का ई–चालान प्रिन्ट करेंगें। अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड के द्वारा भी कर सकेंगे।

द्वितीय चरण–शुल्क का भुगतान–

अभ्यर्थी ई–चालान पर या इण्टरनेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड के माध्यम से निर्धारित शुल्क का भुगतान कर ट्रान्जेक्शन आई0डी0 या जर्नल नम्बर प्राप्त करेंगे।

तृतीय चरण–आवेदन पत्र जमा किया जाना–

अभ्यर्थी द्वारा बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित 'Submit Application Form' को क्लिक कर फार्म में ट्रान्जेक्शन आई0डी0 या जर्नल नम्बर अंकित कर आवेदन फार्म भरा जायेगा। फार्म में अन्य सूचनाओं के अतिरिक्त फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करके अपलोड करना होगा। सभी प्रविष्टियां अंकित करने के बाद 'View Application Form' को क्लिक कर पूरी तरह सन्तुष्ट होने के बाद आवेदन पत्र 'Submit' बटन को क्लिक कर जमा किया जायेगा।

8– भर्ती प्रकिया के सम्बन्ध में विस्तृत सूचना/विज्ञप्ति बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर 15 दिवस के उपरान्त प्रदर्शित होगी।

अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।